मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-237
06/04/2023

# झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 06 अप्रैल 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। वे जुझारू, कर्मठ एवं जनप्रिय नेता थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

*******